झारखण्ड का प्रथम फिजिकल एकेडमी R.N.S. ACADEMY

# R.N.S ACADEMY

## राष्ट्र निर्माण सेना

**21 Sep 2023**

Follow us on



**RN Sir**
(Physical Trainer)

SSC | RAILWAY | BANK
JSSC | DEFENCE - ARMY
CAPF | POLICE | Other Competitive Exam


Website : www.rnsacademy.in
Email : academyrns@gmail.com


Daily Current Affairs Booster


Contact : 8084818282, 9113365645


# Daily Current Affairs


Address : RNS Academy, College Road, Pakur, Jharkhand - 816107

## 21 सितंबर का इतिहास

- **1857 :** बहादुर शाह द्वितीय ने अंग्रेजों के समक्ष आत्मसमर्पण किया
- **2009 :** भाजपा आला कमान ने महाराष्ट्र व हरियाणा विधानसभा के लिए उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की।
- **2008 :** रिलायंस के कृष्णा गोदावरी बेसिन में तेल उत्पाद शुरू हुआ
- **2000 :** भारत एवं ब्रिटेन के बीच बेहतर संबंध के लिए लिबरल डेमोक्रेटिक फ्रेंड्स ऑफ इंडिया सोसायटी की स्थापना हुई।
- **1966 :** प्रसिद्ध भारतीय तैराक मिहिर सेन ने बास्फोरस की खाड़ी को पार करके एक और कीर्तिमान अपने नाम किया।

## 21 सितंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- रक्षा अधिग्रहण परिषद ने भारतीय वायु सेना के लिए 12 एसयू-30 एमकेआई की खरीद सहित 45,000 करोड़ रूपये के प्रस्तावों को मंजूरी दी। भारतीय वायु सेना के लिए 12 एसयू-30 एमकेआई का निर्माण भारत में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा किया जाएगा। एसयू-30 एमकेआई 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री से बनाए जाएंगे। ये भारतीय वायुसेना के सबसे आधुनिक एसयू-30 एमकेआई विमान होंगे।
- इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर का पहला चरण, जिसे यशोभूमि कहा जाता है, द्वारका नई दिल्ली में राष्ट्र को समर्पित किया। प्रधानमंत्री द्वारका सेक्टर 21 से नए मेट्रो स्टेशन यशोभूमि द्वारका सेक्टर 25 तक दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस लाइव के विस्तार का भी उद्घघाटन किया। देश में बैठकों, सम्मेलनों और प्रदर्शनियों की मेजबानी के लिए विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे के विजन को द्वारका में यशोभूमि के संचालन से मजबूती मिलेगी।
- सरकार द्वारा देश भर में स्मार्टफोन पर संदेश भेजकर एक आपातकालीन चेतावनी प्रणाली का परीक्षण किया गया। देशभर में लोगों के स्मार्टफोन पर इस संबंध में फ्लैश मैसेज भेजे गए। प्राप्त फ्लैश संदेश में कहा गया है, यह एक परीक्षण संदेश हैं। यह दूरसंचार विभाग द्वारा सेल ब्रॉडकास्टिंग सिस्टम के माध्यम से भेजा गया है।
- भारतीय स्टेट बैंक के पूर्व चेयरमैन रजनीश कुमार को क्रेडिट कार्ड कंपनी मास्टरकार्ड इंडिया का नया चेयरपर्सन नियुक्त किया गया। यह कदम भारत में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने और घरेलू भुगतान के गतिशील परिदृश्य को नेविगेट करने के लिए मास्टरकार्ड की प्रतिबद्धता को दर्शाता हैं। भारतीय स्टेट बैंक के पूर्व चेयरमैन कुमार इस पद के लिए अनुभव का खजाना लेकर आए हैं। रजनीश कुमार का करियर भारत के सबसे बड़े बैंक, भारतीय स्टेट बैंक में लगभग चार दशकों तक फैला हुआ है।
- पीएम मोदी द्वारा विश्वकर्मा योजना की गई। यह योजना पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों के लिए 2023-2024 से 2027-2028 तक पांच वितीय वर्षो के लिए उपलब्ध होगी। योजना के तहत कारीगर बायोमेट्रिक्स का उपयोग करके पीएम विश्वकर्मा पोर्टल में पंजीकरण कर सकते है।
- भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के कार्यालय को राजभाषा नीति के उत्कृष्ट कार्यान्वयन के लिए गृह मंत्रालय द्वारा राजभाषा कीर्ति पुरस्कार प्राप्त हुआ। यह पुरस्कार गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा द्वारा पुणे में सीएजी कार्यालय के महानिदेशक को प्रदान किया गया। भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक कार्यालय में 14 सितंबर से 29 सितंबर तक हिंदी पखवाड़ा 2023 का आयोजन किया जा रहा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य हिंदी के माध्यम से आधिकारिक कामकाज के बारे में जागरूकता पैदा करना और हिंदी के उपयोग को बढ़ावा देना है।
- सरकार ने कृषि सांख्यिकी के लिए एक एकीकृत पोर्टल लॉन्च किया। कृषि सांख्यिकी के लिए एकीकृत पोर्टल कृषि मंत्रालय द्वारा विकसित किया गया हैं। यह कृषि के लिए डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे का एक महत्वपूर्ण घटक है। पोर्टल का लक्ष्य डेटा संबंधित शासन चुनौतियों जैसे मानकीकृत और सत्यापित डेटा का अभाव, बिखरे हुए डेटा और भिन्न-भिन्न प्रायिकता वाले चर को हल करना हैं।
- योगी सरकार ने सदभावना को बढ़ावा देने और संपत्ति संबंधी पारिवारिक विवादों को कम करने के प्रयास में यह योजना शुरू की हैं। इस योजना से अब तक 43,574 से अधिक लोग लाभान्वित हुए हैं। इस योजना के तहत जनता को 1807.31 करोड़ रूपये का फायदा हुआ। नई योजना के तहत रक्त संबंधियों को संपत्ति दान पर स्टांप शुल्क घटाकर 5000 रूपये कर दिया गया हैं।
- निचली व्यायपालिका के डिजिटल बुनियादी ढांचे को उन्नत करने के लिए 7210 करोड़ के वितीय परिव्यय के साथ परियोजना को मंजूरी दी गई है। तीसरे चरण का उद्देश्य संपूर्ण न्यायालय रिकॉर्ड के डिजिटलीकरण के माध्यम से डिजिटल, ऑनलाइन और पेपरलेस अदालतों की और बढ़ते हुए न्याय तक पहुंच में अधिकतम आसानी लाना है। यह केंद्रीय योजना अगले चार वर्षो में लागू की जाएगी। परियोजना के चरण 3 में 2,038.40 करोड़ की अनुमानित लागत पर पुराने और लंबित मामलों दोनों, के पूरे अदालती रिकॉर्ड को डिजिटल किया जाएगा। कुल 3108 करोड़ दस्तावेजों का डिजिटलीकरण किया जाएगा।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. विश्व अल्जाइमर दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 20 सितंबर (B) 21 सितंबर

(C) 22 सितंबर (D) 23 सितंबर

**(B)** वर्ल्ड अल्जाइमर दिवस हर साल 21 सितंबर को मनाया जाता हैं। अल्जाइमर एक मानसिक रोग है, जिसे लोग गंभीरता से नही लेते। ज्यादातर लोगों का मानना है कि उम्र के साथ याददाश्त का कमजोर होना आम बात है। यही वजह है कि अधिकतर लोग बिना ट्रीटमेंट के कई तरह की पर्सनेलिटी डिसऑर्डर का सामना कर रहे हैं।




**2. अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस 2023 प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है ?**

(A) 21 सितंबर (B) 22 सितंबर

(C) 23 सितंबर (D) 24 सितंबर

**(A)** विश्व भर में प्रत्येक वर्ष 21 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस का आयोजन किया जाता है। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सभी देशों और नागरिकों के बीच शांति व्यवस्था कायम रखने के लिये प्रयास करना एवं अंतर्राष्ट्रीय संघर्षो तथा विवादों पर विराम लगाना है।




**3. हाल ही में टाटा स्टील किस देश में 1.25 अरब यूरो का निवेश करेगी ?**

(A) श्रीलंका (B) ब्रिटेन

(C) बांग्लादेश (D) भारत

**(B)** टाटा स्टील और ब्रिटेन सरकार ने पोर्ट टैलबोट साइट पर 1.25 अरब यूरो की लागत से अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस स्टीलमेकिंग का करार किया हैं। कंपनी ने इस प्लांट के लिये ब्रिटेन सरकार 50 करोड़ यूरो का अनुदान देगी। उसने कहा कि टाटा स्टील ओर ब्रिटेन सरकार संयुक्त रूप से स्टील उद्योग में दशकों के सबसे बड़े निवेश के प्रस्ताव पर सहमत हैं।




**4. हाल ही में किस राज्य सरकार ने विद्यार्थियों के लिए मुख्यमंत्री नाश्ता योजना की घोषणा की है ?**

(A) तेलंगाना (B) ओडिशा

(C) कर्नाटक (D) केरल

**(A)** तेलंगाना सरकार ने दशहरा उत्सव के उपहार के रूप में 24 अक्टूबर से सरकारी प्राथमिक ओर उच्च विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए मुख्यमंत्री नाश्ता योजना की घोषणा की हैं। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिये है।



**5. हाल ही में भारत किस IIT ने स्टार्टअप इको सिस्टम को बढ़ावा देने के लिए आईसीआईसीआई बैंक के साथ साझेदारी की ?**

(A) IIT मुंबई (B) IIT मद्रास

(C) IIT कानपुर (D) IIT बेंगलुरू

**(C)** हाल ही में भारत आईआईटी कानपुर के स्टार्टअप इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन सेंटर और आईसीआईसीआई बैंक के बीच एक समझोता हुआ है, जिसके तहत आईआईटी कानपुर द्वारा आगे बढ़ाए जाने वाले स्टार्टअप को बैंक फंड उपलब्ध कराएगी। ताकि उनका समय निवेशक ढूंढ़ने में ना बर्बाद हो, बल्कि समय से उन्हें फंड मिल सकें।



**6. हाल ही में आईसीसीआर ने कहां वैशाली फेस्टिवल ऑफ डेकोक्रेसी का आयोजन किया है ?**

(A) गुजरात (B) मध्यप्रदेश
(C) राजस्थान (D) बिहार

**(D)** नालंदा विश्वविद्यालय में वैशाली फेस्टिवल ऑफ डेमोक्रेसी का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, संस्कृति मंत्री मीनाक्षी लेखी एवं कई केंद्रीय मंत्रियों के साथ कई देशों के राजदूत भी शामिल हुए।



**7. हाल ही में किस बैंक ने बुनियादी बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए IB साथी की शुरूआत की ?**

(A) यस बैंक (B) इंडियन बैंक
(C) एक्सिस बैंक (D) यूको बैंको

**(B)** इंडियन बैंक ने अपने वितीय समावेशन प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए आईबी साथी (समग्र समावेशन के लिए सतत पहुंच और संरेखित प्रौद्योगिकी) नामक एक नई पहल शुरू की है। आईबी साथी का प्राथमिक लक्ष्य बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट चैनल के माध्यम से विभिन्न हितधारकों को आवश्यक बैंकिंग सेवाएं प्रदान करना हैं।

इंडियन बैंक
Indian Bank

**8. हाल ही में किस राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री लाडली बहना आवास योजना का शुभारंभ किया है ?**

(A) मध्यप्रदेश (B) कर्नाटक
(C) उत्तर प्रदेश (D) राजस्थान

**(A)** मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का शुभारंभ किया। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने शुभारंभ के बाद खुद ही एक लाभार्थी का फॉर्म भरा है। साथ ही बताया है कि कैसे पात्र लोगों को इसका लाभ मिलेगा। वहीं 450 रूपये में गैस सिलेंडर के लिए भी पंजीयन की प्रक्रिया शुरू की गई।




**9. हाल ही में किस एयरलाइन ने 16 हवाई अड्डों पर प्रोजेक्ट अभिनंदन शुरू किया है?**

(A) इंडिगो (B) ApiceJet
(C) Air India (D) इनमें से कोई नहीं

**(C)** भारत की प्रमुख एयरलाइनों में से एक एयर इंडिया ने प्रोजेक्ट अभिनंदन की शुरूआत की है, जिसका उद्देश्य यात्रियों को व्यक्तिगत और परेशानी मुक्त अनुभव प्रदान करना है, विशेष रूप से सामान के मुद्दों के प्रबंधन ओर छूटी हुई उड़ानों से निपटने में। इस पहल के तहत एयर इंडिया ने यात्रियों को जमीनी सहायता और समर्थन प्रदान करने के लिए देश भर के 16 प्रमुख हवाई अड्डों पर विशेष रूप से प्रशिक्षित सेवा आश्वासन अधिकारियों को तैनात किया है।




**10. हाल ही में कितनी भारतीय भाषाओं के पत्रकारों और साहित्यकारों को भारतीय भाषा सम्मान 2023 से सम्मानित किया गया ?**

(A) 11 (B) 18
(C) 24 (D) 40

**(C)** हाल ही में 18 भारतीय भाषाओं के पत्रकारों और साहित्यकारों को भारतीय भाषा सम्मान 2023 से सम्मानित किया गया। पांचजन्य के संपादक हितेश शंकर, तेलुगु भाषा के लिए वरिष्ठ पत्रकारा विक्रम राव, मराठी के लिए वरिष्ठ पत्रकार श्रीराम जोशी, गुजराती के लिए पद्मश्री डॉ. विष्णु पंडया को पुरस्कार मिला। वरिष्ठ पत्रकार डॉ. भाई परमजीत सिंह को पंजाबी के लिए पुरस्कार मिला।

